ओमप्रकाश नाजवानी
सम्पादक

RNI No. : RAJHIN/2013/54948
Postal Regd. : RJ/AJ/210/2024-26

विज्ञापन हेतु
सम्पर्क करें।
92692-14000
प्रति. बुक करावें

# आगाज की आवाज

प्रतिस्पर्धा से दूर, खबरें भरपूर, आगाज हमारा, आवाज आपकी.....
www.aagajkiaawaj.com

वर्ष 12 | अंक 22 | पाक्षिक | अजमेर, 01 नवम्बर 2025 | मूल्य 10 रूपये | कुल पृष्ठ 4

## श्री पुष्कर मेला 2025 का भव्य शुभारम्भ



**उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया ध्वजारोहण**

**संस्कृति और आस्था का संगम बना पुष्कर मैदान**

आगाज की आवाज
(पाक्षिक)

**अजमेर।** विश्व प्रसिद्ध श्री पुष्कर मेला 2025 का पारंपरिक ध्वजारोहण के साथ गुरुवार को भव्य शुभारम्भ हुआ।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने मेला मैदान में ध्वजारोहण कर मेले की औपचारिक शुरुआत की।

इस अवसर पर अध्यक्ष जीतमल प्रजापत, नगर परिषद के निवर्तमान सभापति कमल पाठक, संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़, जिला कलक्टर लोक बन्धु तथा पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा उपस्थित रहे।



### राजस्थान की सांस्कृतिक औरआध्यात्मिक विरासत का प्रतीक

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि पुष्कर मेला राजस्थान की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और पर्यटन विरासत का दर्पण है।

राज्य सरकार ने मेले का बजट 70 लाख से बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये कर दिया है ताकि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलें।

उन्होंने बताया कि पुष्कर कॉरिडोर की डीपीआर तैयार हो चुकी है और शीघ्र ही शिलान्यास किया जाएगा। राज्य सरकार "पुष्कर फॉरएवर" संकल्प के साथ तीर्थराज पुष्कर को अंतरराष्ट्रीय तीर्थ पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने को प्रतिबद्ध है।

### लोक-संस्कृति, खेल और व्यवस्थाओं का संगम बना पुष्कर मेला

लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों और सांस्कृतिक यात्रा ने पुष्कर मेले के वातावरण को पूरी तरह रंगीन बना दिया। तगाराम भील ने अलगोजा वादन किया तो छगनलाल ने घड़ा वादन से लोकसंगीत की मधुरता घोली। गोपाल बंजारा के संयोजन में निकली भव्य सांस्कृतिक यात्रा में कच्ची घोड़ी, कालबेलिया, रावणहठा, गैर और राजस्थानी नृत्य दलों की शानदार झलकियां देखने को मिलीं। बीकानेर, पुष्कर, जैसलमेर और गंगानगर के कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। इसी क्रम में मेला मैदान में फुटबॉल मैच से खेलकूद प्रतियोगिताओं की शुरुआत हुई, जिसका शुभारम्भ जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने टॉस कर किया। रोमांचक मुकाबले में देशी टीम ने विदेशी टीम को 2-1 से पराजित किया। उपखंड अधिकारी एवं मेला मजिस्ट्रेट गुरु प्रसाद तंवर ने बताया कि मेले के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए प्रशासन और पुलिस के विशेष कैम्प स्थापित किए गए हैं। सरोवर क्षेत्र और मेला स्थल पर तीर्थयात्रियों एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर गजेन्द्र सिंह राठौड़, डॉ. सुनील धीया सहित अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## महाराणा प्रताप राष्ट्रीय गौरव और स्वाभिमान के प्रतीक : भागीरथ चौधरी

**नसीराबाद में शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) द्वारा महाराणा प्रताप की प्रतिमा का लोकार्पण, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री हुए शामिल**

आगाज की आवाज
(पाक्षिक)

**नसीराबाद (अजमेर)।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा नसीराबाद की ओर से गोपाष्टमी के अवसर पर आयोजित महाराणा प्रताप मूर्ति लोकार्पण कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री एवं अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। यह आयोजन फ्रामजी गार्डन, नसीराबाद छावनी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री चौधरी ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि भारतीय अस्मिता, स्वाभिमान और स्वराज्य के अमर प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि प्रताप का जीवन हमें राष्ट्र के लिए समर्पण और आत्मसम्मान के साथ संघर्ष करने की प्रेरणा देता है।






### राष्ट्र निर्माण में शिक्षक संघ की भूमिका

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, संस्कृति और समाजसेवा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। संघ द्वारा महाराणा प्रताप जैसी विभूति की प्रतिमा का निर्माण शिक्षा जगत और समाज दोनों के लिए प्रेरणादायक कदम है।

### शिक्षक और किसान देश की आत्मा

चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू नई शिक्षा नीति-2020 से भारत की शिक्षा प्रणाली में व्यापक बदलाव आ रहे हैं। अब शिक्षा केवल ज्ञान तक सीमित नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों, कौशल और राष्ट्र निर्माण की भावना से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि शिक्षक और किसान दोनों ही राष्ट्र की आत्मा हैं - एक अन्न उपजाता है, दूसरा संस्कार।

### जनप्रतिनिधि और शिक्षाविद रहे उपस्थित

कार्यक्रम में नसीराबाद विधायक रामस्वरूप लाम्बा, छावनी परिषद् के मुख्य अधिशाषी अधिकारी डॉ. नितिश गुप्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि, संगठन पदाधिकारी, कार्यकर्ता और अनेक शिक्षाविद उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री चौधरी ने आयोजन के लिए शिक्षक संघ की नसीराबाद इकाई को बधाई दी तथा छावनी परिषद् का आभार जताया, जिन्होंने आयोजन स्थल के रूप में फ्रामजी गार्डन उपलब्ध कराया।

## इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार पटेल की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**राजीव गांधी स्मृति भवन में कांग्रेसजनों ने दोनों महान नेताओं को दी श्रद्धांजलि**



आगाज की आवाज
(पाक्षिक)

**किशनगढ़।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी किशनगढ़ द्वारा शुक्रवार को राजीव गांधी स्मृति भवन में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि एवं देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री, लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में दोनों नेताओं के चित्रों पर विधायक विकास चौधरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष आजम कुरैशी, नेता प्रतिपक्ष हमीदा बानो सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

विधायक विकास चौधरी ने कहा कि "श्रीमती इंदिरा गांधी का जीवन त्याग, समर्पण और दृढ़ संकल्प का प्रतीक था। उन्होंने भारत को आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर किया। सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने में जो योगदान दिया, वह सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।"

नसीम अहमद ने कहा कि "इंदिरा गांधी ने महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया, उनका जीवन आज भी प्रेरणा देता है।" इस अवसर पर मदन जाजोरिया, मोहित खंडेलवाल, आजम कुरैशी सहित अन्य नेताओं ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में अशोक तेजी, महेन्द्र सैन, राकेश शर्मा, अजहरुद्दीन, मदन मेघवाल, गोवर्धन मेघवंशी, सलीम, शहजाद, गणेश आचार्य, घनश्याम सोढ़ा, शकील कुरैशी, दीपक बिरला, राधेश्याम वैष्णव, कैलाश शर्मा, हिसामुद्दीन मंसूरी, मुश्ताक अहमद, रफीक चौहान, अब्बास अली, केसरीमल डुक्या, धन्नालाल यादव, भागचंद गुर्जर, हरिओम डाबी, सुशील अजमेरा, आसिफ़ भाटी, परमेन्द्र जोशी, अनिल सेठी, महेन्द्र यादव, तेजपाल बजाड, किशन गहलोत, गोविन्द दायमा और अन्नू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों ने भाग लिया।

सभा में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने दोनों महान विभूतियों के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस संगठन महामंत्री रामस्वरूप भड़ाना ने किया।

## सतर्कता सप्ताह में वाद-विवाद प्रतियोगिता से जागरूकता का संदेश



आगाज की आवाज
(पाक्षिक)

**अजमेर।** माखुपुरा स्थित राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत उपकेंद्र पावर ग्रिड जेठाना द्वारा वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई।

छात्राओं ने भ्रष्टाचार उन्मूलन पर प्रभावशाली विचार रखे।

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक पुरुषोत्तम दास सोलंकी ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए, जबकि उप प्रबंधक उत्कर्ष सरीन ने सभी को भ्रष्टाचार के खिलाफ शपथ दिलाई।

आयोजन में रविंद्र सिंह रावत, मोनिका तंवर और भावना सिंगोदिया सहित फैकल्टी सदस्य व छात्राएं उपस्थित रहीं।

## सम्पादकीय

# वादों की बरसात में भीगता बिहार

बिहार की राजनीति इस बार नीतियों से ज्यादा वादों की होड़ में उलझी दिखाई दे रही है। मुजफ्फरपुर के मंच पर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की संयुक्त उपस्थिति ने भले ही विपक्षी गठबंधन को एक तस्वीर दी हो, लेकिन इस तस्वीर के पीछे जो प्रतिस्पर्धा चल रही है, वह है - मुफ्त योजनाओं की राजनीति। महागठबंधन और एनडीए दोनों ही जनता को लुभाने के लिए एक से बढ़कर एक घोषणाएँ कर रहे हैं, पर सवाल यह है कि इन वादों की कीमत कौन और कैसे चुकाएगा? मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनावी बिगुल बजाते ही महिला रोजगार योजना, फ्री बिजली, एक करोड़ नौकरियों और आरक्षण में बढ़ोतरी जैसे आकर्षक प्रस्ताव रख दिए। जवाब में तेजस्वी यादव ने 'तेजस्वी प्रण' जारी कर 200 यूनिट फ्री बिजली, हर परिवार से एक सरकारी नौकरी और महिलाओं को हर महीने ढाई हजार रुपये देने का वादा किया। देखने में ये घोषणाएँ जनहितकारी लगती हैं, मगर बिहार की आर्थिक हकीकत कुछ और कहती है। नीति आयोग के आंकड़े बताते हैं कि बिहार देश की आबादी का 9% हिस्सा है, लेकिन जीडीपी में उसका योगदान मात्र 2.8% तक सीमित है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत का केवल 30% है, जबकि बेरोजगारी दर ऊँची बनी हुई है। इतना ही नहीं, 2022-23 में राज्य की जीडीपी के अनुपात में ऋण 39.6% तक पहुँच गया। यानी विकास के लिए संसाधन पहले ही सीमित हैं, ऊपर से वादों की ऐसी झड़ी राज्य की वित्तीय सेहत पर भारी पड़ सकती है। राज्य की आमदनी में उसका खुद का टैक्स रेवेन्यू सिर्फ 23% है और केंद्र से मिलने वाला अनुदान 21%। बाकी का बजट कर्ज और सहायता से पूरा होता है। अगर तेजस्वी के वादों को ही सच मान लें, तो उन्हें लागू करने के लिए करीब 33 हजार करोड़ रुपये चाहिए होंगे - जबकि राज्य के बजट में तमाम खर्चों के बाद केवल 40 हजार करोड़ रुपये बचते हैं। ऐसे में सवाल लाजिमी है कि क्या फ्रीबीज की यह होड़ विकास के रास्ते में नई रुकावट बनेगी? जनता को राहत और समान अवसर देना हर सरकार की जिम्मेदारी है, लेकिन जब यह राहत वोट की रणनीति में बदल जाए, तो लोकतंत्र कमजोर पड़ने लगता है। बिहार को "रेवड़ी संस्कृति" नहीं, ठोस आर्थिक सुधारों, रोजगार सृजन और शिक्षा-संरचना में निवेश की जरूरत है। क्योंकि जिस दिन वोट की राजनीति से ज्यादा जवाबदेही की राजनीति शुरू होगी, उसी दिन बिहार सच में विकास की राह पर आगे बढ़ेगा।

# विद्यार्थियों ने किया जयपुर के विरासत स्थलों का अध्ययन दौरा



**किशनगढ़।** मालियों की ढाणी, गांधीनगर स्थित आर डी के एल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे एसयूपीडब्ल्यू शिविर में विद्यार्थियों ने जयपुर के ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर उनके महत्व और विशेषताओं को जाना। शिविर प्रभारी ललिता पंवार और पूजा परिहार ने बताया कि विद्यालय में चल रहे समाजोपयोगी उत्पादक कार्य एवं समाज सेवा शिविर के दूसरे दिन शैक्षणिक भ्रमण के लिए बच्चों को जयपुर स्थित आमेर और जयगढ़ पैलेस का अवलोकन करवाया गया। विद्यार्थियों ने आमेर के प्राचीन महल, भूलभुलैया जैसे किले के गलियारे, बूर्ज, दालान, सुरंग, मीना बाजार, दरबार ए खास, दरबार ए आम और जयगढ़ पैलेस के तोप बनाने के कारखाने, एशिया की सबसे बड़ी तोप सहित अन्य वस्तुओं का अवलोकन किया। साथ ही विद्यार्थियों ने राजा-महाराजाओं के युद्ध में प्रयुक्त हथियार, ढाल, तलवार, कवच और मुकुट का अवलोकन कर ऐतिहासिक तथ्य जुटाए। विद्यार्थियों ने विदेशी सैलानियों के साथ भी भारत की प्राचीन परंपरा, संस्कार और इतिहास के तथ्यों पर चर्चा की। इसमें सिंगापुर, जर्मनी, मेडागास्कर, फ्रांस, इटली, यूरोप और कैप्टाउन के सैलानी शामिल थे। इस अवसर पर प्रकाश दायमा, गोपाल गिरी गोस्वामी, कीर्ति पाराशर, किरण कंवर, खुशबू शर्मा, संदीप पारीक, मंजू कंवर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# दीपावली पर विधायक चौधरी ने जनता और व्यापारियों को दी शुभकामनाएँ



**किशनगढ़।** विधायक डॉ विकास चौधरी ने धनतेरस के अवसर पर शहर के मुख्य बाजार में पैदल चलकर हर वर्ष की भांति इस बार भी दीपावली का रामा-श्यामा किया। करीब 15 वर्ष से वे इसी तरह बाजार में पैदल चलकर दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित कर रहे हैं। शहर में शनिवार को रौनक देखने को मिली। डॉ चौधरी ने व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर जाकर एवं खरीदारी करने के लिए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए आमजन से उनके हालचाल जाने और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने त्योहारों के मौके पर भीड़ ज्यादा होने के कारण होने वाली असुविधाओं को चिन्हित किया और समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही कई जगह ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए लोगों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाया, जिनके समाधान के लिए डॉ चौधरी ने संबंधित अधिकारियों से बात करके तत्काल समाधान करवाया। विधायक के बाजार में पैदल चलने के कारण जगह-जगह युवाओं द्वारा सेल्फी लेने की होड़ मच गई। इस दौरान विधायक डॉ विकास चौधरी के साथ बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।




# धनतेरस पर किसानों के चेहरों पर मुस्कान, सम्मान निधि की चौथी किस्त जारी

## केंद्र-राज्य मिलकर अब किसानों को देंगे सालाना 9,000 की मदद

**आगाज की आवाज**

अजमेर। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री और स्थानीय सांसद भागीरथ चौधरी ने शनिवार को राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र, तबीजी में आयोजित "किसान उत्सव" कार्यक्रम में भाग लिया। यह आयोजन मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय किसान बंधु उपस्थित रहे।

### 71.8 लाख किसानों को 718 करोड़ की चौथी किस्त जारी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भागीरथ चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने धनतेरस के शुभ अवसर पर किसानों को बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 71.8 लाख किसानों को 718 करोड़ की चौथी किस्त का



सीधा हस्तांतरण किया गया है।

### किसानों को अब सालाना 9,000 की सहायता

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने बताया कि अब राजस्थान के पात्र किसानों को केंद्र की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से मिलने वाले 6,000 के साथ राज्य सरकार की ओर से 3,000 अतिरिक्त मिल रहे हैं।इस प्रकार किसानों को वार्षिक 9,000 की सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 21 माह में 8,386 करोड़ सीधे किसानों के खातों में भेजे जा चुके हैं, जो पारदर्शिता और सुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण है।

### किसानों से आधुनिक तकनीक अपनाने का आह्वान





कार्यक्रम में अजमेर जिला कलेक्टर लोकबंधु, नगर निगम उपमहापौर नीरज जैन, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण और बड़ी संख्या में स्थानीय किसान उपस्थित रहे। भागीरथ चौधरी ने किसानों से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठाकर आधुनिक कृषि तकनीक अपनाएं और उत्पादन क्षमता बढ़ाएं।

# कांग्रेस की संगठन सृजन बैठक सम्पन्न

## विधायक विकास चौधरी ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना



**अरांई।** संगठन सृजन अभियान के तहत अरांई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में हरियाणा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक तंवर, नीमकाथाना के पूर्व विधायक रमेश खंडेलवाल, विधायक विकास चौधरी, डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी और जिला अध्यक्ष भूपेंद्र राठौर ने कार्यकर्ताओं से संवाद किया। विधायक विकास चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में कानून राज खत्म हो गया है और व्यापारी, महिला और किसान असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं को रोजगार, किसानों को मुआवजा और महिलाओं को सुरक्षा की गारंटी सरकार से देने की आवश्यकता जताई। चौधरी ने कहा कि पर्ची सरकार में केवल भोजन भ्रमण और भाषण का काम चल रहा है और कांग्रेस की जनहित योजनाओं को बंद करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि आगामी पंचायतीराज चुनाव में जनता इस घमंडी सरकार को सबक सिखाएगी और कांग्रेस को जीताएगी। कांग्रेस के एआईसीसी पर्यवेक्षक अशोक तंवर ने संगठन को मजबूत करने और नए जिला अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बूथ से जिला स्तर तक कार्यकर्ताओं से राय ली जाएगी। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र राठौर, डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी, नीमकाथाना के पूर्व विधायक रमेश खंडेलवाल और किशन कटसूरा सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने राजकीय महाविद्यालय अरांई के छात्र-छात्राओं से भी संवाद किया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण बटेश्वर, ब्लॉक अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल, जिला परिषद सदस्य गणेश गुर्जर, सरपंच हरदीन घासल, सरपंच दिनेश चुंडीवाल, सरपंच रामस्वरूप नायक, सरपंच शिवराज बागड़ी, सरपंच कानाराम मेघवंशी, सरपंच कौशलेंद्र सिंह, सरपंच रामलाल मीणा, पूर्व सरपंच नोरती देवी, पूर्व सरपंच किशन लाल नोदल, पूर्व सरपंच हरिराम गीला, किशन डाबला, हनुमान गौरेली सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सनातन बाल संस्कार शिविर का 32वां चरण सफलतापूर्वक पूर्ण





आगाज की आवाज
(पाक्षिक)

**किशनगढ़।** अग्रवाल सोशल ग्रुप द्वारा संचालित सनातन बाल संस्कार शिविर का बत्तीसवां सत्र रविवार को श्याम मंदिर बालाजी की बगीची में संपन्न हुआ। शिविर में सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन, कुलदेवी महालक्ष्मी माता, वीणावादिनी सरस्वती माता और बाबा श्याम को पुष्पहार अर्पित कर पूजा अर्चना की गई। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सनातन परंपराओं से जोड़ना है। बच्चों द्वारा सनातन मंत्रोच्चार के जाप से भक्तिमय वातावरण बन गया। इस बार शिविर में बच्चों को विशेष रूप से हनुमान अष्टक और दीपावली पर्व के बारे में बताया गया कि इसके पीछे क्या सनातन मान्यता है। शिविर में बच्चों को अनुभवी प्रशिक्षिका तरुणा अग्रवाल और नेहा बैनावत द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के पश्चात अग्रवाल सोशल ग्रुप के सदस्यों ने अग्रसेन सर्किल जाकर महाराजा अग्रसेन को पुष्पहार अर्पित कर पूजा अर्चना की। शिविर में सुमित सिंघल, गौरव अग्रवाल, सुमित बैनावत और नवीन अग्रवाल का विशेष सहयोग रहा।

# आरडीकेएल स्कूल में समाज सेवा एवं उत्पादक कार्य शिविर का शुभारंभ

## विद्यार्थियों ने सीखे जीवनोपयोगी कौशल और सेवा के संस्कार

आगाज की आवाज
(पाक्षिक)

**किशनगढ़।** स्थानीय मालियों की ढाणी गांधीनगर स्थित आर डी के एल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को समाजोपयोगी उत्पादक कार्य एवं समाज सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने समाज के लिए उपयोगी चीजों के बारे में जानकारी प्राप्त की। शिविर प्रभारी पूजा परिहार व ललिता कंवर ने बताया कि राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर के द्वारा पाठ्यक्रम के अनिवार्य विषय के रूप मे समाजोपयोगी उत्पादक कार्य एवं समाज सेवा शिविर को शामिल किया गया है। शिविर में प्राप्त अंकों के आधार पर विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा परिणाम बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड किए जाते हैं। अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों का परिणाम रोकने का प्रावधान भी है। शिविर के प्रथम दिन प्रातः 7:00 बजे कक्षा 8, 9 व 10 के विद्यार्थी विद्यालय पहुंचे और पंजीयन के पश्चात आवासों का आवंटन किया गया। विद्यार्थियों ने सदन के अनुसार सामूहिक रूप से सुबह का नाश्ता, भोजन व अल्पाहार तैयार करना सीखा। उद्घाटन समारोह में प्रधानाचार्य बिरदीचंद मालाकार ने कहा कि आज की सीखी बातें ही विद्यार्थी के भविष्य का निर्धारण करती हैं। अनुभवों के आधार पर विद्यार्थी भविष्य मे देश के निर्माण में योगदान देने वाले जागरूक नागरिक बन सकते हैं।इस अवसर पर प्रकाश कुमार दायमा, गोपाल गिरी गोस्वामी, मनीषा पुंडीर, संदीप पारीक, खुशबू शर्मा, जितेंद्र नाथ, स्वाति साहू, कीर्ति



पाराशर, किरण कंवर, पूजा प्रजापत व मंजू कंवर सहित अनेक लोग मौजूद थे। शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत जयपुर स्थित आमेर व जयगढ़ पैलेस, जल मंदिर सहित अन्य ऐतिहासिक स्थलों का दौरा कर जानकारी प्राप्त की।

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश कर रहा है प्रगति और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर : भागीरथ चौधरी





आगाज की आवाज
(पाक्षिक)

**जयपुर/अजमेर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी शुक्रवार को जयपुर स्थित पुलिस अकादमी परिसर, शास्त्री नगर में आयोजित "रोजगार मेला" में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह रोजगार मेला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के युवा सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने कहा कि भारत के युवा हमारे राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं, और जब युवा सशक्त होंगे तभी राष्ट्र सशक्त होगा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष वीडियो संदेश का प्रसारण किया गया, जिसमें उन्होंने देशभर के युवाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर देशभर में 51,000 से अधिक अभ्यर्थियों को सरकारी नियुक्ति पत्र वितरित किए गए, जो रोजगार सृजन के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। भागीरथ चौधरी ने कहा कि यह मेला केवल नौकरी देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह युवाओं में आत्मविश्वास, कौशल और राष्ट्रनिर्माण की भावना को प्रोत्साहित करने का अभियान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश रोजगार, नवाचार और उद्यमिता के नए युग की ओर बढ़ रहा है। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने उपस्थित युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने कौशल, परिश्रम और समर्पण के माध्यम से "विकसित भारत-2047" के लक्ष्य को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाएँ। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी विभागों, अधिकारियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के रोजगार मेले भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे ताकि देश के प्रत्येक युवा को अवसरों से जोड़कर भारत को विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनाया जा सके। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवारी, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, जयपुर सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, कर्नल सुशील कुमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# शतरंज में राणा सांगा, रंगोली में रानी लक्ष्मीबाई सदन अव्वल





आगाज की आवाज
(पाक्षिक)

**किशनगढ़।** मालियों की ढाणी गांधीनगर स्थित आर.डी.के.एल. सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे एस.यू.पी.डब्ल्यू. शिविर के चौथे दिन छात्रों में उत्साह देखने को मिला। सदनानुसार आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अपनी कला और बुद्धिमत्ता का शानदार प्रदर्शन किया।शतरंज प्रतियोगिता में राणा सांगा सदन की अंकिता जांगिड़ ने बाजी मारी, जबकि रंगोली प्रतियोगिता में रानी लक्ष्मीबाई सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी रचनात्मकता से सभी को प्रभावित किया। निर्णायक के रूप में प्रकाश कुमार दायमा व मंजू कंवर मौजूद रहे। मेहंदी प्रतियोगिता में राणा सांगा सदन की भूमिका सिंह प्रथम, राणा प्रताप सदन की अनम बानो द्वितीय तथा रानी लक्ष्मीबाई सदन की प्रिया कंवर तृतीय रहीं। इस प्रतियोगिता का मूल्यांकन पिंकी पंवार व ट्विंकल सोलंकी ने किया। कक्षा-सजावट प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप सदन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, राणा सांगा द्वितीय व स्वामी विवेकानंद सदन तृतीय रहे। वहीं काव्य पाठ प्रतियोगिता में किसी ने कविता सुनाकर मन मोह लिया तो किसी ने संस्कृत श्लोकों से वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इसमें स्वामी विवेकानंद सदन प्रथम, महाराणा प्रताप द्वितीय व राणा सांगा तृतीय रहे।

शिविर के दौरान निर्णायक मंडल में किरण कंवर, प्रकाश कुमार, मंजू कंवर सहित शिक्षकों ने निर्णायक भूमिका निभाई। इस अवसर पर गोपाल गिरी गोस्वामी, संदीप कुमार पारीक, मनीषा पुण्डीर, जितेंद्र नाथ, स्वाति साहू, कीर्ति पाराशर, खुशबू शर्मा, पूजा मेघवाल एवं पूजा प्रजापत सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# 5100 श्रद्धालुओं ने लिया नशा मुक्त राजगढ़ का संकल्प

## चम्पालाल महाराज ने कहा– "हर घर में जागे संयम की मिसाल"

आगाज की आवाज
(पाक्षिक)

**अजमेर।** सुप्रसिद्ध सर्वधर्म धार्मिक स्थल मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ पर रविवार को नशामुक्ति महाअभियान का आयोजन किया गया। राजस्थान सरकार के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 'टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 3.0' व मसाणिया भैरव धाम के संयुक्त तत्वावधान में यह विशेष अभियान चलाया गया। धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि इस अभियान में लगभग पंद्रह हजार श्रद्धालुओं में से 5100 से अधिक लोगों ने दोनों हाथ उठाकर जीवन में दोबारा नशा नहीं करने का संकल्प लिया। इसमें पुरुषों के साथ महिलाओं की भी भागीदारी रही। नशा त्यागने वाले श्रद्धालुओं ने शराब, तम्बाकू, गांजा जैसी नशे की वस्तुएं बाबा के श्रीचरणों में समर्पित की।





धाम के मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान पत्रिका अपने माध्यम से समाज में सामाजिक चेतना फैलाने का कार्य कर रही है। महाराज ने कहा कि नशे का अधिक सेवन दुर्घटनाओं, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों और अकाल मृत्यु का कारण बनता है। युवा पीढ़ी का भविष्य नशे की लत के कारण अंधकारमय होता है, इसलिए नशा त्यागना अत्यंत आवश्यक है। नशामुक्ति रैली को पूर्व आईपीएस महेन्द्र सिंह चौधरी और हरीश कुमार न्यायाधीश चुरू ने चम्पालाल महाराज के सानिध्य में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर राजस्थान पत्रिका के संपादकीय प्रभारी चन्द्रप्रकाश जोशी और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग अजमेर की जिला सलाहकार डॉ. पूनिता जैफ ने भी श्रद्धालुओं को संबोधित किया। धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि पिछले कई वर्षों में नशामुक्ति महाअभियान के माध्यम से लाखों लोगों का नशा छुड़ाया जा चुका है। अभियान को सफल बनाने में चन्द्रप्रकाश जोशी, रक्तिम तिवाडी, जय मखीजा, डॉ. पूनिता जैफ, जितेन्द्र हरचन्दानी,



मुकेश खोरवाल, कुलदीप तंवर और भैरव भक्त मण्डल के ओमप्रकाश सेन, रमेश सेन, राहुल सेन, अविनाश सेन, प्रकाश रांका, सुनील रांका, दिलीप राठी, कैलाश सेन, सुरेश कांकाणी, सतीश सेन, कमल शर्मा, विजय सिंह भवानीखेड़ा, रामप्रसाद मोर्य आदि का सहयोग रहा।

# मुनि आदित्य सागर महाराज को श्रीफल समर्पित कर किशनगढ़ प्रवास का निवेदन



आगाज की आवाज
(पाक्षिक)

**जयपुर।** जैन समाजजनों ने जयपुर के कीर्ति नगर में विराजमान मुनि आदित्य सागर महाराज को श्रीफल समर्पित कर आगामी शीतकालीन प्रवास किशनगढ़ में करने का निवेदन किया। इस अवसर पर श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन पंचायत के पदाधिकारी दिलीप कासलीवाल, सुभाष बड़जात्या, राजेश पांड्या, अनिल पाटनी, गौरव पाटनी सहित कई समाजबंधु उपस्थित रहे। महाराजश्री ने सभी को मंगलमय आशीर्वाद दिया।

# सरदार पटेल ने भारत को एक किया, मोदी उसे श्रेष्ठ बना रहे हैं : भागीरथ चौधरी

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर देशभर में होगा "यूनिटी मार्च" आयोजन



आगाज की आवाज
(पाक्षिक)

**अजमेर/जयपुर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने कहा कि वर्ष 2025, भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती का ऐतिहासिक वर्ष है। यह केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि उनकी 'अखंड भारत' की भावना को 'श्रेष्ठ भारत' में रूपांतरित करने का संकल्प लेने का क्षण है।

चौधरी ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा 6 अक्टूबर से 6 दिसम्बर तक देशभर में "सरदार@150 यूनिटी मार्च - एक भारत, आत्मनिर्भर भारत" नामक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और आत्मनिर्भरता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने जिस कुशलता से रियासतों को जोड़कर भारत को एक किया, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसी भावना को आगे बढ़ाते हुए भारत को श्रेष्ठ, सशक्त और आत्मनिर्भर बना रहे हैं। 31 अक्टूबर (राष्ट्रीय एकता दिवस) को प्रत्येक जिले में एकता पदयात्राएँ आयोजित होंगी। अजमेर में यह यात्रा विजय लक्ष्मी गार्डन से मेडिकल कॉलेज सर्किल तक निकलेगी, जिसमें युवाओं, छात्रों और नागरिक समाज की व्यापक भागीदारी होगी। चौधरी ने बताया कि इस अवसर पर स्वच्छता अभियान, स्वदेशी मेला, नशा मुक्ति अभियान, संगोष्ठियाँ और वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ भी होंगी। प्रत्येक जिले से चयनित युवा प्रतिनिधि 26 नवम्बर से 6 दिसम्बर तक होने वाली राष्ट्रीय यूनिटी मार्च में शामिल होंगे - जो करमसद से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक 150 किलोमीटर की ऐतिहासिक यात्रा होगी। उन्होंने कहा - "यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि भारत की एकता, स्वाभिमान और विकास की भावना का उत्सव है। हमें मिलकर सरदार पटेल के 'एक भारत' को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'श्रेष्ठ भारत' बनाना है।"

# श्रद्धा और उल्लास के साथ दाधीच समाज ने मनाया अन्नकूट महोत्सव

## जबरेश्वर महादेव मंदिर में भजनों और छप्पन भोग के साथ हुई महाआरती



आगाज की आवाज
(पाक्षिक)

**किशनगढ़।** दाधीच समाज एवं दाधीच महिला मण्डल के तत्वावधान में शुक्रवार को श्री जबरेश्वर महादेव मंदिर, दाधीच भवन प्रांगण में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। इस अवसर पर भगवान जबरेश्वर महादेव और महर्षि दधीची की आकर्षक झांकी सजाई गई। भक्तों ने भगवान के मनमोहक श्रृंगार और छप्पन भोग की झांकी के दर्शन किए। भजन गायक रामनिवास रतावा ने भक्ति रस से सराबोर सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम में सभाध्यक्ष पंडित देवीलाल शास्त्री, अध्यक्ष शशि प्रकाश रतावा, सचिव राधेश्याम दाधीच, सत्य प्रकाश माडोल्या, ओमप्रकाश रतावा, रामेश्वर नुवाल, ओमप्रकाश तिवाड़ी, सुशील दाधीच, पुरुषोत्तम रतावा, कैलाश नुवाल, प्रेम सागर शर्मा, ओमप्रकाश खटोड और रामस्वरूप तिवाड़ी उपस्थित रहे।

महिला मंडल की ओर से सभाध्यक्ष सुशीला डेरोल्या, अध्यक्ष सरोज रिणवा, निर्मला, प्रेम देवी सहित मोहल्लावासियों ने प्रसाद वितरण में सहयोग किया। अंत में महाआरती के साथ अन्नकूट महोत्सव का समापन हुआ।

## मंदिर श्री सुगंध ध्यान जी में भव्य अन्नकूट महोत्सव संपन्न

आगाज की आवाज
(पाक्षिक)

**किशनगढ़।** श्री अग्रवाल समाज संस्था के तत्वावधान में रविवार, 28 अक्टूबर को पुराना शहर स्थित रामलीला चौक के मंदिर श्री सुगंध्यान जी महाराज में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री सुगंध्यान जी महाराज और श्रीनाथ जी महाराज का विशेष श्रृंगार किया गया तथा 56 भोग अर्पित किए गए। मंदिर परिसर भजनों की मधुर धुनों से गूंज उठा और भक्तिमय वातावरण ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शाम को आरती के पश्चात अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन में अग्रवाल समाज के अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल सहित लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, आनंद भरतिया, नरेश बजाज, पंकज बजाज, विनोद बंसल, पवन अग्रवाल (बंगाली), शिव गोयल, गौरव गोयल, अमित अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, लक्ष्य गोयल, हर्ष गोयल, कृष्णा अग्रवाल, पंकज गोयल, राकेश गोयल, नीरज अग्रवाल, बंटी गोयल और राजेश बंसल सहित अनेक अग्रवाल बंधु उपस्थित रहे।

# RAS परिणाम में राजेश चौधरी ने पाई 47वीं रैंक, विद्यालय में खुशी की लहर




आगाज की आवाज
(पाक्षिक)

**किशनगढ़।** आचार्य श्री धर्मसागर विद्यालय के मेधावी छात्र और किसान पुत्र राजेश चौधरी ने राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) परीक्षा में 47वीं रैंक प्राप्त कर विद्यालय, परिवार और समाज का गौरव बढ़ाया है। तेली मोहल्ला स्थित विद्यालय से जुड़े श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन पंचायत के तत्वावधान में यह उपलब्धि मिली। ग्राम मोहनपुरा निवासी सुप्यार देवी बजरंग चौधरी के सुपुत्र राजेश चौधरी ने कक्षा 10वीं में 91.33% और 12वीं में 91.80% अंक प्राप्त किए थे। सन् 2020 में LDC पद पर चयनित होने के बावजूद उन्होंने प्रशासनिक सेवा में जाने का लक्ष्य बनाए रखा और लगातार अध्ययन के बल पर यह सफलता अर्जित की। विद्यालय समिति के अध्यक्ष निर्मल कुमार पांड्या और सचिव मिलाप चंद जैन ने दूरभाष पर राजेश चौधरी को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राजेश चौधरी ने बताया कि विद्यालय से माध्यमिक शिक्षा पूर्ण करने के बाद से ही प्रशासनिक सेवाओं में जाने की प्रेरणा थी। माता-पिता के मार्गदर्शन और शिक्षकों के आशीर्वाद से निरंतर प्रयास के परिणामस्वरूप आज यह मुकाम हासिल हुआ। इस उपलब्धि पर श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष विनोद कुमार पाटनी, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार कासलीवाल, मंत्री सुभाष बडजात्या, कोषाध्यक्ष चेतन प्रकाश पांड्या सहित विद्यालय समिति के सभी पदाधिकारी और समस्त शाला स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया।

# विधायक चौधरी ने विधायक कोष से स्कूटी वितरण कर दिव्यांगों के जीवन में जगाई उमंग



आगाज की आवाज
(पाक्षिक)

**अरांई।** विधायक विकास चौधरी ने अपने विधायक कोष से विधानसभा क्षेत्र के दिव्यांगों को स्कूटी भेंट की। लाभार्थियों ने स्कूटी पाकर खुशी व्यक्त की और विधायक विकास चौधरी का आभार जताया। एक लाभार्थी ने बताया कि वह जीवन से अपंग हैं, लेकिन आज विधायक के द्वारा स्कूटी मिलने से उन्हें नया जीवन मिला है। एक महिला लाभार्थी ने कहा कि उनके पति लकवा ग्रस्त हैं और परिवार में एकमात्र कमाने वाले थे, लेकिन अब स्कूटी मिलने से वे ठेला चलाकर अपना भरण-पोषण कर सकेंगे। इस अवसर पर विभिन्न दिव्यांगों ने अपनी रोजमर्रा की समस्याओं और आने-जाने में कठिनाइयों के बारे में साझा किया। विधायक विकास चौधरी ने बताया कि पीड़ित, वंचित, गरीब और दिव्यांगों की सेवा सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र के समस्त दिव्यांगों को चरणबद्ध रूप से स्कूटी वितरण किया जाएगा। प्रथम चरण में आज करीब एक दर्जन स्कूटीयों का वितरण किया गया। विधायक चौधरी ने यह भी बताया कि सभी प्रकार के दिव्यांगों को उनकी सुविधा के अनुसार स्कूटी, बधिर दिव्यांगों के लिए श्रवणयंत्र सहित विभिन्न उपकरण वितरित किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने विधायक कोष की 10% राशि दिव्यांगों पर खर्च करने का ऐलान किया।

# पायल दाधीच का RAS 2023 में चयन

## पूरे परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल

आगाज की आवाज
(पाक्षिक)

**किशनगढ़।** फतेहलाल नगर निवासी पायल दाधीच ने RAS परीक्षा 2023 में 34 वीं रैंक के साथ चयन प्राप्त किया। दूसरे प्रयास में सफलता मिलने से पूरे परिवार और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

पायल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा स्वर्गीय रूपनारायण शर्मा, दादी नोरती देवी, माता-पिता सुभाष चन्द शर्मा और सुनीता शर्मा (अध्यापक दंपति) एवं समस्त परिजनों को दिया। पायल के बड़े पापा राम रतन शर्मा एवं रामस्वरूप शर्मा ने बताया कि पायल प्रारंभ से ही मेधावी रही और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रही, इसी समर्पण के परिणामस्वरूप इसने यह सफलता अर्जित की। पायल का पूरा परिवार शिक्षा विभाग से जुड़ा हुआ है और पायल वर्तमान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरना में अध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं। पायल का परिवार मूलतः ग्राम मंडावरिया, पंचायत समिति अराई का रहने वाला है। इस कारण पूरे ग्राम मंडावरिया में भी जश्न का माहौल है। रात्रि से ही ग्रामवासी



एक-दूसरे का मुंह मीठा कर बधाइयां दे रहे हैं। किशनगढ़ आवास पर भी बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है।

पायल ने बताया कि यह मुकाम उन्होंने पूरे परिवार और गुरुजनों के मार्गदर्शन से ही हासिल किया है।

# किशनगढ़ नगर परिषद ने स्वदेशी दीप जलाकर बढ़ाया 'मेड इन इंडिया' संदेश

आगाज की आवाज
(पाक्षिक)

**किशनगढ़।** लक्ष्मी नारायण मंदिर में नगर परिषद किशनगढ़ द्वारा दीपदान का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार स्वच्छ भारत अभियान 2.0 अंतर्गत शुभ दीवाली-स्वच्छ दीवाली कैंपेन के तहत दीपदान किया गया। परिषद की ओर से आयुक्त एवं परिषद के अधिकारी कर्मचारियों ने स्थानीय कुम्हारों द्वारा निर्मित दीपक जलाए।

साथ ही दीपावली पर्व पर वोकल फॉर लोकल के लिए स्थानीय नागरिकों से अपील की गई कि स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए।



स्वामित्व, प्रकाशक ओमप्रकाश नाजवानी के लिए मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419/30 ब्रह्मपुरी, चर्च के पास, जयपुर रोड, अजमेर (राज.) से मुद्रित कर आगाज की आवाज (पाक्षिक) कार्यालयः 1-जे-16 न्यू हाऊसिंग बोर्ड, मदनगंज-किशनगढ़ जिला अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। - सम्पादक ओमप्रकाश नाजवानी